INDIA PARTNER Dabur GROUP

# अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम



AVIVA
Life Insurance



## अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – हर जरूरतों के अनुकूल सुरक्षा के विकल्प

अवीवा प्रस्तुत करता है अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – एक अद्वितीय सुरक्षा योजना जो आपको अपनी जरूरतों के अनुकूल सुरक्षा विकल्प चुनने की आज़ादी प्रस्तुत करता है। चाहे यह आपके संपत्ति ऋण के लिए कवर हो, एक प्योर सुरक्षा हो जो आपके परिवार को एकमूठ रकम प्रदान करती है या आपके न रहने पर आपके परिवार के लिए आमदनी का नियमित प्रवाह हो। इसलिए वह विकल्प चुने जो आपके लिए सबसे अधिक अनुकूल हो और आज ही अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित बनाए।

## अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – अनोखे आकर्षण

- **अपनी योजना को कस्टमाइज़ करें:** अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम आपकी मृत्यु के उपरान्त, आपकी जरूरतों के आधार पर आपको भुगतान के 3 विकल्प देता है:
  - **जीवन सुरक्षा** – एकमूठ रकम के रूप में आश्वस्त रकम का भुगतान करता है, जिसका निर्णय पॉलिसी की शुरुआत में लिया गया था।
  - **आमदनी सुरक्षा** – आपके परिवार को नियमित मासिक आमदनी देता है, जो जीवन यापन की बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए 5% प्रति वर्ष बढ़ता है।
  - **ऋण सुरक्षा** – जहाँ आपकी घटती देयताओं के अनुसार आश्वस्त रकम (एकमूठ रकम) प्रति वर्ष घटती है, उदाहरण के लिए आपके घर का ऋण।
- स्वस्थ जीवन जीने के लिए आपको इनामः यदि आप धुम्रपान नहीं करते हैं तो अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम आपके लिए निम्नतर किस्त दर प्रस्तुत करता है और यदि धुम्रपान करते हैं किन्तु स्वस्थ हैं तो अधिमान्य दर प्रस्तुत करता है।

## अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – लाभ

### मृत्य लाभ

सुरक्षा के 3 वर्गों में से चुनाव कर अपनी योजना को कस्टमाइज़ करें:

- **विकल्प क – जीवन सुरक्षा:**

  यह योजना विकल्प उन लोगों के लिए सबसे अनुकूल है जो अपने असामयिक मृत्यु होने पर अपने परिवार के लिए एकमूठ रकम प्रदान करना चाहते हैं। इस योजना के अधीन बड़े जीवन कवर विकल्पों की किस्त नाम–मात्र है जो इसे लागत–प्रभावी बनाती है।
  - इस योजना के अधीन आपकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को एकमूठ रकम के रूप में आश्वस्त रकम भुगतान किया जाता है।
  - **इनामी जीवनशैली:** यदि आप एक महिला हैं या धुम्रपान न करने वाले एक पुरुष हैं तो आप विशेष किस्त दर पाने के अधिकारी हैं।

- **विकल्प ख: आमदनी प्रतिस्थापन**

जिस तरह आप आज अपने परिवार को नियमित मासिक आमदनी उपलब्ध करवाते हैं, योजना का यह विकल्प आपके दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने पर आपको एक नियमित आमदनी उपलब्ध करवाने में सक्षम बनाता है। यह वैतनिक व्यक्तियों के लिए एक आदर्श है, यह योजना सुनिश्चित करती है कि आपके न रहने पर भी आपके परिवार को उसी जीवनशैली का आनंद मिलता रहे। इसके अलावा यह योजना नियमित सुरक्षा योजना से निम्नतर किस्त देयत में उपलब्ध है और जीवन यापन की बढ़ती महंगाई के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए आपका लाभ 5% प्रति वर्ष के दर पर बढ़ता है।

- आपकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की घटना में, आपके नामांकित व्यक्ति को पॉलिसी की अवधि के अंत तक मासिक आमदनी मिलेगी।
- यदि आप शुरुआत में मासिक लाभ रकम चुनते हैं, तो यह रकम पॉलिसी के प्रत्येक वर्षगाँठ पर 5% प्रति वर्ष मासिक चक्रवृद्धि के अनुसार बढ़ता है ताकि जीवन यापन की बढ़ती महंगाई की जरूरतों को पूरा किया जा सके।
- आश्वस्त रकम शुरुआत में चुनी गई मासिक लाभ × पॉलिसी की अवधि × 12 के समान है।

- **विकल्प ग: ऋण सुरक्षा**

इस विकल्प के साथ आपको कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है कि आपके न रहने पर आप अपने परिवार पर कर्ज़ का बोझ छोड़ जाएंगे। इस विकल्प के तहत, पॉलिसी की अवधि के दौरान जीवन कवर हर साल घटता है, यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए बना है जो किसी प्रकार की देयता लेने की योजना बना रहे हैं या लिया है, जैसे कि घर के लिए ऋण।

- आप एक गिरवी ऋण के कारण उत्पन्न आपके परिवार की देयताओं में काफी हद तक मदद पाने के लिए यह विकल्प चुन सकते हैं।
- जैसे–जैसे आपकी बचत बढ़ती है, सुरक्षा के लिए आपकी जरूरत वैसे–वैसे घटती है और इसलिए यह विकल्प आपके लिए उपयुक्त हो सकता है।
- इस विकल्प के साथ, पॉलिसी के प्रत्येक वर्षगांठ पर आपकी आश्वस्त रकम (एसए) पॉलिसी की अवधि (एसए/पॉलिसी की अवधि) के दौरान समान रूप से घटती है।

अत:, प्रभावी मृत्यु कवर निम्न के समान होगी:

$$\text{आश्वस्त रकम} = \frac{(\text{आश्वस्त रकम} \times \text{मृत्यु की तिथि तक बीती पॉलिसी वर्षगांठों की संख्या})}{\text{पॉलिसी की अवधि}}$$

चलिए एक उदाहरण की मदद से हम तीनों विकल्पों में देय किस्त और लाभों की प्रकृति के बारे में जानते हैं।

एक पुरुष, अधिमान्य नॉन–स्मोकर, आयु 35 वर्ष और पॉलिसी की अवधि 20 वर्षों के लिए देय किस्त और लाभ नीचे की गई वर्णना के अनुसार होगा:

| लाभ विकल्प | आश्वस्त रकम (₹ में) | वार्षिक किस्त (₹ में) | किस्त भुगतान अवधि (वर्षों में) | भुगतान की जाने वाली कुल किस्त (₹ में) | वर्ष 7 के अंत में मृत्यु घटने के मामले में लाभों का भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|
| विकल्प–क | 60 लाख | 8,220 | 20 | 1,64,400 | एकमूठ रकम के रूप में ₹60 लाख |
| विकल्प–ख | 60 लाख | 10,057 | 13 | 1,30,741 | ₹35,178 प्रति माह के शुरुआती दर पर नियमित आमदनी, जो पॉलिसी के हर वर्षगाँठ को 5% बढ़ेगा।<br>20 वीं पॉलिसी वर्ष में देय आमदनी है ₹63,174 प्रति माह। |
| विकल्प–ग | 60 लाख | 8,220 | 13 | 1,06,860 | एकमूठ रकम के रूप में ₹42 लाख |

करों में वस्तु एवं सेवा कर, उपकर शामिल है लेकिन इन तक सीमित नहीं है और सरकार द्वारा समय–समय पर प्राप्त सूचना के अनुसार ये प्रयोज्य कर लागू किए जाएंगे। कर की विधियां परिवर्तन के अधीन है।

## अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – आपकी योजना के 5 आसान चरण

| | | |
|---|---|---|
| **चरण 1** | आवश्यक सुरक्षा की प्रकृति चुने। | विकल्प क – जीवन सुरक्षा<br>विकल्प ख – आमदनी प्रतिस्थापन<br>विकल्प ग – ऋण सुरक्षा |
| **चरण 2** | आवश्यक सुरक्षा स्तर चुने। | • न्यूनतम आश्वस्त रकम : ₹50 लाख<br>• अधिकतम आश्वस्त रकमः कोई सीमा नहीं |

| चरण 3 | आप जितनी अवधि के लिए सुरक्षा चाहते हैं वह अवधि चुन कर भुगतान की अवधि पाए। | **पॉलिसी की अवधिः** 10–52 वर्ष, निम्न के अधीनः<br><br>\| \| **प्रवेश आयु** \| **मैचुरिटी आयु** \|<br>\| **सभी विकल्प** \| 18-60 वर्ष \| 28-70 वर्ष \|<br><br>**किस्त भुगतान अवधिः**<br>विकल्प क – पॉलिसी की अवधि के समान<br>विकल्प – ख और विकल्प – ग – पॉलिसी की अवधि की दो तिहाई अवधि (निकटतम पूर्णांक तक राउंड–ऑफ किया हुआ)<br>उदाहरण, 16 वर्षों की अवधि के लिए, भुगतान की अवधि होगी 10 वर्ष। |
|---|---|---|
| चरण 4 | किस्त आवृत्ति चुनें। | • वार्षिक, अर्ध–वार्षिक, तिमासिक और मासिक आवृत्ति। |
| चरण 5 | हमारे वित्तीय योजना सलाहकारों के साथ देय किस्त का हिसाब करें। | • चुने गए मूल आश्वस्त रकम के लिए तालिकाबद्ध किस्त।<br>• बड़ी आश्वस्त रकम के लिए छूट।<br>• किस्त भुगतान आवृत्ति के आधार पर मोडल फैक्टर लागू करना।<br>• सुनिश्चित करना कि किस्त कम से कम न्यूनतम किस्त के समान हो, जैसा संलग्नक में उल्लिखित है।<br>• प्रयोज्य कर लागू करना। |

- **मैचुरिटी लाभः** यह एक प्योर बीमा उत्पाद है और इसलिए इस योजना के अधीन कोई मैचुरिटी लाभ देय नहीं है।
- **समर्पण लाभः** पॉलिसी किस्त भुगतान अवधि के दौरान किसी भी विकल्प के लिए कोई समर्पण मूल्य या प्रदत्त मूल्य प्राप्त नहीं करेगी। किस्त भुगतान अवधि के बाद, यदि विकल्प–ख या विकल्प–ग के लिए सभी बकाया किस्तों का भुगतान किया गया है, तो पॉलिसी के असामयिक समर्पण पर कंपनी द्वारा समय–समय पर निर्धारित समर्पण मूल्य देय होगा।
- **छूट की अवधिः** वार्षिक और अर्ध–वार्षिक आवृत्तियों के लिए अपने किस्त का भुगतान करने के लिए 30 दिनों और मासिक आवृत्ति के लिए 15 दिनों की छूट की अवधि है।
- **किस्त में रोकः** यदि आप छूट की अवधि के अंतर्गत बकाया किस्त का भुगतान करने में असमर्थ हैं, तो पॉलिसी के अधीन जोखिम कवर तत्काल समाप्त हो जाएगा। पॉलिसी को प्रथम आदत्त किस्त की निश्चित तिथि से 2 वर्षों के भीतर बहाल करवाया जा सकता है।

  पॉलिसी बहाल होने पर, बहाली शुल्क ₹250/– और 9% प्रति वर्ष, मासिक चक्रवृद्धि के दर पर ब्याज के साथ–साथ सभी बकाया किस्तों का भुगतान करने की आवश्यकता होगी। चिकित्सीय परीक्षा और विशेष जांच, यदि हो, की लागत पॉलिसीधारक द्वारा वहन की जाएगी। अवीवा को एक व्यपगत पॉलिसी बहाल करने का अधिकार आरक्षित है।

  यदि पॉलिसी को बहाली अवधि के अंतर्गत बहाल नहीं करवाया गया, तो अनुबंध बिना किसी मूल्य के समाप्त हो जाएगी।
- **कर लाभः** प्रचलित कर विधियों के अनुसार कर लाभ लागू होगा। कर विधियां परिवर्तन के अधीन है।
- **नामांकन एवं समनुदेशनः** इस बीमा के तहत समय–समय पर संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 39 के अधीन परिभाषित नामांकन की अनुमति है। इस बीमा के तहत समय–समय पर संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 38 के अधीन परिभाषित समनुदेशन की अनुमति है।
- **फ्रीलुक अवधिः** पॉलिसी धारक को पॉलिसी दस्तावेजों की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के अंतर्गत पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों की समीक्षा करने का अधिकार है। यदि पॉलिसी धारक फ्री लुक अवधि के दौरान अपनी पॉलिसी रद्द करता है, तो कंपनी रद्दीकरण की तिथि को किस्त में से समानुपाती जोखिम किस्त और चिकित्सा और स्टैम्प ड्यूटी पर वहन की गई खर्चे काटने के बाद किस्त वापस लौटा देगी।
- **अपवाद (यदि हो)ः** 12 महीनों के भीतर आत्महत्या के कारण बीमित व्यक्ति की मृत्यु घटने परः
  i. पॉलिसी के शुरुआत की तिथि से, पॉलिसी धारक द्वारा नामांकित व्यक्ति या लाभार्थी किसी कर के भुगतान और अतिरिक्त किस्तों को छोड़कर भुगतान की गई किस्तों का 80% रकम पाने का अधिकारी होगा, बशर्ते पॉलिसी प्रभाव में हो, या
  ii. पॉलिसी के रिवाइवल की तिथि से, पॉलिसी धारक द्वारा नामांकित व्यक्ति या लाभार्थी वह रकम पाने का अधिकारी होगा, जो किसी कर के भुगतान और अतिरिक्त किस्तों को छोड़कर भुगतान की गई किस्तों के 80% रकम और मृत्यु की तिथि को उपलब्ध समर्पण मूल्य में से अधिक होगा।

## अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम – किस्त भुगतान के बारे में

- महिला बीमित व्यक्तियों को विकल्प–क के लिए पुरुष अधिमान्य नॉन–स्मोकर दर प्रदान किया जाएगा, चाहे वे धुम्रपान करती हो या नहीं, और विकल्प–ख और विकल्प–ग के लिए पुरुषों बीमित व्यक्तियों की तुलना में निम्नतर दर प्रदान किया जाएगा।
- आप वार्षिक, अर्ध–वार्षिक, तिमासिक और मासिक आवृत्ति में किस्त भुगतान कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया संलग्नक देखें।
- वार्षिक के अलावा अन्य किस्त भुगतान आवृत्ति के लिए, किस्त की गणना वार्षिक किस्त के साथ नीचे प्रस्तुत संबंधित मोडल फैक्टर का गुणन करके की जाएगीः

| किस्त भुगतान आवृत्ति | मोडल फैक्टर |
|---|---|
| वार्षिक | 1.0000 |
| अर्ध–वार्षिक | 0.5108 |
| तिमासिक | 0.2591 |
| मासिक | 0.0871 |

**किस्त के दरों का नमूनाः**

- विकल्प–क के लिए प्रति वर्ष आश्वस्त रकम के प्रति 1000 रूपए के लिए तालिकाबद्ध किस्त।

| आयु | पुरुष (अधिमान्य नॉन–स्मोकर) | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 |
| 20 | 0.79 | 0.83 | 0.85 | 0.79 | 0.83 | 0.85 |
| 25 | 0.84 | 0.91 | 0.96 | 0.84 | 0.91 | 0.96 |
| 35 | 1.12 | 1.37 | 1.52 | 1.12 | 1.37 | 1.52 |
| 45 | 2.30 | 2.95 | NA | 2.30 | 2.95 | NA |

- विकल्प–ख के लिए प्रति वर्ष मासिक भुगतान के प्रति 1000 रूपए के लिए तालिकाबद्ध किस्त।

| आयु | पुरुष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 |
| 20 | 108.91 | 221.18 | 376.91 | 92.58 | 186.24 | 315.95 |
| 25 | 116.35 | 244.40 | 435.90 | 98.67 | 205.25 | 364.30 |
| 35 | 164.26 | 402.28 | 788.20 | 137.88 | 334.56 | 653.43 |
| 45 | 373.88 | 955.54 | NA | 310.35 | 794.56 | NA |

- विकल्प–ग के लिए प्रति वर्ष आश्वस्त रकम के प्रति 1000 रूपए के लिए तालिकाबद्ध किस्त।

| आयु | पुरुष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 | PT = 10 | PT = 20 | PT = 30 |
| 20 | 0.89 | 0.80 | 0.84 | 0.75 | 0.68 | 0.71 |
| 25 | 0.95 | 0.88 | 0.94 | 0.80 | 0.74 | 0.79 |
| 35 | 1.32 | 1.37 | 1.56 | 1.11 | 1.14 | 1.30 |
| 45 | 2.99 | 3.22 | NA | 2.48 | 2.67 | NA |

- करों में वस्तु एवं सेवा कर, उपकर शामिल है लेकिन इन तक सीमित नहीं है और सरकार द्वारा समय–समय पर प्राप्त सूचना के अनुसार ये प्रयोज्य कर लागू किए जाएंगे। कर की विधियां परिवर्तन के अधीन है।
- **बड़ी आश्वस्त रकम के लिए छूटः** यदि पॉलिसी की शुरुआत में आपकी आश्वस्त रकम निम्नलिखित तालिका के अनुसार है, तो आप तालिकाबद्ध किस्त पर छूट पाने के पात्र हैं:

| आश्वस्त रकम की सीमा | विकल्प कः अधिमान्य नॉन–स्मोकर | विकल्प कः नॉन–स्मोकर | विकल्प कः स्मोकर | विकल्प ख | विकल्प ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 करोड <=SA<5 करोड | 2.25% | 2.00% | 1.00% | 1.50% | 1.50% |
| SA>=5 करोड | 4.00% | 3.50% | 2.00% | 2.50% | 2.50% |

**संलग्नकः**

1. वार्षिक आवृत्ति के लिए न्यूनतम देय मूल किस्त है ₹3,200, अर्ध–वार्षिक आवृत्ति के लिए ₹1,634, तिमासिक आवृत्ति के लिए ₹828, और मासिक आवृत्ति के लिए ₹278.
2. किस्त का भुगतान अवीवा के किसी भी शाखा कार्यालय में नकद में, चेक या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जा सकता है। मासिक और तिमासिक भुगतान आवृत्ति के लिए डायरेक्ट डेबिट या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस (ईसीएस) अनिवार्य है। आप अवीवा के किसी शाखा या आपके निकट स्थित किसी स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स में अपनी चेक या ड्राफ्ट जमा कर सकते हैं। ड्रॉप बॉक्स के स्थानों की सूची पाने के लिए www.avivaindia.com देखें।
3. पॉलिसी की वर्षगाँठ से कम से कम 30 दिनों पहले एक लिखित सूचना देकर पॉलिसी के किसी भी वर्षगाँठ पर किस्त भुगतान आवृत्ति में परिवर्तन करवाया जा सकता है। समीक्षित मोडल किस्त आवेदित आवृति के लिए आवश्यक न्यूनतम किस्त के संतुष्टि के अनुसार होना चाहिए, जैसा कि ऊपर बिंदु 1 में विस्तृत उल्लिखित है। वर्तमान ₹100/– प्रति परिवर्तन की परिवर्तन शुल्क ली जाती है। बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) के अनुमोदन के अधीन इस शुल्क को बदला जा सकता है।

**स्वीकृतिः**

जोखिमों की स्वीकृति और पूरी किस्त मिलने तक अवीवा किसी भी दावे के प्रति जिम्मेदार नहीं होगा।

**अवीवा में ही निवेश क्यों करें?**

अवीवा जीवन बीमा कंपनी इंडिया – डाबर इन्वेस्ट कॉर्प और यूके में स्थित एक बिमा कंपनी, अवीवा इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है, भारत के साथ जिसका सहयोग 1834 से रहा है। अवीवा जीवन बीमा चुन कर, आप विश्व के सबसे पुराने बीमा समूहों के प्रबंधन अनुभव से लाभ प्राप्त करते हैं, इस क्षेत्र में 1696 से जिसका इतिहास रहा है। आज, अवीवा ग्रूप के 16 देशों में 33 मिलियन ग्राहक हैं (2016)।

डाबर की एक प्रमुख कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड की संस्थापना वर्ष 1884 में हुई थी और यह भारत के सबसे पुराने और बड़ी कंपनियों में से एक है। यह भारत में पारंपरिक स्वास्थ्य वर्धन उत्पादों का एक प्रमुख उत्पादकर्ता है।

**धारा 41**

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 41 के अनुसार, (1) कोई भी व्यक्ति किसी भी अन्य व्यक्ति को भारत में जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिमों के संबंध में एक बीमा लेने या रिवाइव करने या जारी रखने के लिए, देय कमीशन में सम्पूर्ण या आंशिक छूट या पॉलिसी पर प्रदर्शित किस्तों में कोई छूट देने के लिए प्रलोभन के रूप में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, अनुमति नहीं देगा या अनुमति देने का प्रस्ताव नहीं देगा, और न ही पॉलिसी लेने या रिवाइव करने या जारी रखने वाला कोई व्यक्ति ऐसी छूट को स्वीकार करेगा, केवल उन छूटों के अलावा जो बीमा कंपनी द्वारा प्रकाशित विवरण पुस्तिकाओं या तालिकाओं में स्वीकार्य हो।

उपबंधित है कि एक बीमा एजेंट द्वारा खुद या अपने जीवन पर की गई जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में कमीशन स्वीकार करने पर इसे इस उप–धारा के अर्थो के अंतर्गत किस्तों पर छूट के अधीन स्वीकार्य नहीं समझा जाएगा, यदि ऐसी स्वीकृति के समय बीमा एजेंट यह प्रमाणित करते हुए विनिर्दिष्ट शर्तो को पूरा करता है कि वह बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त एक असली बीमा एजेंट है।

(2) इस धारा के उपबंधों का अनुपालन करने में यदि कोई व्यक्ति कोई चूक करता है तो उस पर दस लाख रूपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**धारा 45**

समय–समय पर संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 45 के अनुसार तीन वर्षों के बाद पॉलिसी पर मिथ्या–कथन के आधार पर सवाल नहीं खड़ा किया जा सकता है।

## पूछताछ और शिकायतः

अधिक जानकारी, पूछताछ या शिकायतों के लिए कृपया नीचे दिए गए नंबरों पर हमसे संपर्क करें:

1800 103 7766 (बीएसएनएल/एमटीएनएल उपयोगकर्ताओं के लिए टोल–फ्री) या 0124-2709046 या SMS "Aviva" to 5676737

AVIVA
| Life Insurance |

## डाबर इन्वेस्ट कॉर्प और अवीवा इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के मध्य एक संयुक्त उद्यम


### अवीवा जीवन बीमा कंपनी इंडिया लिमिटेड

**मुख्य कार्यालयः** अवीवा टावर, सेक्टर रोड, गोल्फ कोर्स के सामने, डीएलएफ़ फेज–V, सेक्टर 43, गुडगाँव-122 003, हरियाणा, भारत।

फोनः +91 0124-2709000, फैक्सः +91 0124-2571210

वेबसाइटः www.avivaindia.com

ई–मेलः customerservices@avivaindia.com

**पंजीकृत कार्यालयः** द्वितीय मंजिल, प्रकाशदीप बिल्डिंग, 7, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110 001, भारत



निगम पहचान संख्या (CIN): U66010DL2000PLC107880


फर्जी फोन कॉल और जाली/ठगी के ऑफ़र्स से सावधानः IRDA की सार्वजनिक घोषणाः

- IRDA या इसके अधिकारी किसी प्रकार के बीमा या फाइनैंशियल प्रोडक्ट की बिक्री या फिर प्रीमियम इन्वेस्टमेंट जैसे कार्य नहीं करते हैं।
- IRDA किसी बोनस की घोषणा नहीं करता है। ऐसे फोन कॉल आने पर फोन नंबर के साथ कॉल विवरण सहित पुलिस में ज़रूर शिकायत करें।

अवीवा लाइफशील्ड प्लैटिनम नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग जीवन बीमा योजना है। ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो अवीवा ब्रॉण्ड्स लिमिटेड का है और अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड लाइसेंस के तहत इसका उपयोग करती है। भारतीय IRDA नं. 122 जोखिम के कारणों और नियमों एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृपया सेल्स ब्रोशर पढ़ने के बाद बिक्री करार पूरा करें। कर संबंधी लाभ वर्तमान कानूनों के अनुसार लागू, जो बदल सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि मूल आधार दस्तावेज़ अंग्रेजी में है और इसके संदर्भ में आपकी आसानी के लिए स्थानीय भाषा में अनुवाद किया गया है। अनुवाद के कारण उत्पन्न होने वाली विविध व्याख्या के मामले में अंग्रेजी संस्करण हर समय स्थानीय भाषा का अधिग्रहण करेगा।


हेल्पलाइन नं. 1800-180-22-66/ 1800-103-77-66, UIN: 122N089V02, Advt. No.: Jul 08/17, MKT/November 2017/Ver.1.4